# MSY के विशेष शिविर में 70 लोगों ने फार्म भरा, 30 लाभुकों को हुआ जॉब कार्ड का वितरण

## मुख्यमंत्री श्रमिक योजना का भरवाया गया फॉर्म, कार्ड वितरित



**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

मानगो नगर निगम की ओर से शनिवार को स्लम क्षेत्रों में कैंप का आयोजन कर मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत लाभुकों का आवेदन फॉर्म भरवाया गया. साथ ही लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गयी. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने कहा मानगो नगर निगम के सीएमएमयू कोषांग से मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत आवेदन फॉर्म प्राप्त किये जा सकते हैं. इंदिरा कॉलोनी, डिमना बस्ती, कुमरूम बस्ती अन्य क्षेत्रों में अभियान चलाया गया और 70 से ज्यादा आवेदन भरवाये गये.

**सीतारामडेरा गोलमुरी में 30 को दिया गया जॉब कार्ड** : मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत जमशेदपुर अक्षेस के सीतारामडेरा क्षेत्र के 17 श्रमिकों और गोलमुरी थाना क्षेत्र के 13 लाभुकों को जॉब कार्ड उपलब्ध कराया गया. इस कार्यक्रम में अक्षेस के नगर मिशन प्रबंधक सलिल तिर्की, राकेश आनंद और अनवर हुसैन के साथ सभी सामुदायिक संगठनकर्ता उपस्थित थे.





**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA